सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-432
15/09/2017

आई0जी0आई0एम0एस0, बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ, कॉलेज ऑफ कॉमर्स पटना, डॉ0 जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज मुजफ्फरपुर, पूर्व विधायक श्री विश्वनाथ सिंह, पूर्व विधायक श्री मंजीत कुमार सिंह, पूर्व विधान पार्षद श्री महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को चेक सौंपा

पटना 15 सितम्बर, 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर आई0जी0आई0एम0एस0 पटना के निदेशक प्रो0 (डॉ0) एन0आर0 विश्वास ने इंदिरा गॉधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के सभी श्रेणी के चिकित्सकों, नर्सेज, तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की तरफ से एक दिन के वेतन का कुल 26,43,662 रूपये का बैंक ड्राफ्ट मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा।

वहीं दूसरी ओर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से विधान पार्षद श्री केदार नाथ पाण्डेय एवं पूर्व सांसद श्री शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर 5,00,000 रूपये, कॉलेज ऑफ कॉमर्स पटना की ओर से प्रो0 (डॉ0) श्री बबन सिंह ने 5,77,551 रूपये, डॉ0 जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज मुजफ्फरपुर की ओर से प्राचार्य डॉ0 बिनोद कुमार चौधरी ने 2,51,000 रूपये, पूर्व विधायक श्री विश्वनाथ सिंह ने 25,000 रूपये, पूर्व विधायक श्री मंजीत कुमार सिंह ने 25,000 रूपये, पूर्व विधान पार्षद श्री महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने 93,000 रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

******